मूल्य 1 रु.

वर्ष: 14 - अंक : 13, मुंबई, बुधवार, 28 फरवरी, 2024 ■ RNI.NO. MAHHIN/2010/34146 ■ संपादक: दिलशाद एस. खान

दैनिक

# मुंबई हलचल

भारत सरकार द्वारा विज्ञापन हेतु मान्यता प्राप्त ®

अब हर सच होगा उजागर




## भारतीय अमृत महोत्सव पुरस्कार 2024 हर्षोल्लास के साथ हुआ संपन्न





(समाचार व चित्रमय छलकियां पृष्ठ 7 पर)

*भारतीय जनता पार्टी मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार जी, पद्मश्री-पद्मभूषण उदित नारायण जी, सुहेल खंडवानी जी, दिलशाद एस. खान जी, अजय एल. दुबे जी, और सुंदरी ठाकुर जी सहित जानी-मानी हस्तियां रहीं मौजूद*

## महाराष्ट्र में लागू हुआ
# 10% मराठा आरक्षण
### राज्यपाल ने दी मंजूरी






**मुबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** मराठा आरक्षण को लेकर बड़ी खबर है। महाराष्ट्र विधानमंडल के विशेष सत्र में पारित मराठा आरक्षण विधेयक अब कानून बन गया है और राज्य में इसका क्रियान्वयन भी शुरू हो गया है। राज्य में मराठा आरक्षण 26 फरवरी से लागू हो गया है। मराठा आरक्षण विधेयक विधानमंडल में पारित होने के बाद इसे राज्यपाल के पास मंजूरी के लिए भेजा गया था। मिली जानकारी के मुताबिक, राज्यपाल रमेश बैस के हस्ताक्षर के बाद यह मराठा आरक्षण विधेयक अब कानून बन गया है। इस संबंध में राजपत्र भी जारी कर दिया गया है। (शेष पृष्ठ 3 पर)

### सरकार की दोहरी रणनीति!

गृहमंत्री देवेंद्र फडणवीस को लेकर अभद्र टिप्पणी करने के बाद मनोज जरांगे पाटिल के खिलाफ राज्य सरकार ने कार्रवाई तेज कर दी है। जरांगे के खिलाफ सोमवार को बीड के दो पुलिस थानों में मामले दर्ज किए गए। इसके बाद आज बजट सत्र के दौरान विधानसभा अध्यक्ष ने मनोज जरांगे के बयान की एसआईटी जांच के आदेश दिये। जरांगे ने फडणवीस पर उनकी हत्या की कोशिश करने का आरोप लगाया है। मराठा आरक्षण आंदोलन का चेहरा मनोज जरांगे के खिलाफ आने वाले दिनों में कार्रवाई और तीव्र होने की संभावना है।

## मनपा घनकचरा विभाग के अधिकारी की मिलीभगत से
# धड़ल्ले से चल रहा मिट्टी भरनी का कारोबार

### मनपा पी/उत्तर घनकचरा व्यवस्थापन विभाग के अधिकारी उपद्रव शोधक राजगुरु की संरक्षण में हो रहा मिट्टी भरनी का खेल



सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इन अवैध मिट्टी की भरी डंफर को 1000 से 1200 रुपये में बेचा जा रहा है

**मिट्टी अल्टा पल्टी भरनी का कारोबार, माफिया जलील व सालवन बेखौफ, पुलिस प्रशासन भी मौन**

**मुबई हलचल/अजय उपाध्याय**

**मुंबई।** मनपा पी/उत्तर क्षेत्र में घनकचरा व्यवस्थापन के अधिकारी की मिलीभगत से अम्बेवाडी न्यूलिंक रोड एमजी मोटर गैरेज के समीप नाले के पास मालाड (प.)में कानून कायदों व मनपा के नियमों के धज्जियां उड़ाते हुए भरनी माफिया जलील व सालवन मिट्टी भरनी का अवैध कार्य जोरों पर कर रहे है। रोड पर खुलेआम चल रहा मिट्टी का भरा डंफर जिसकी वीडियो मुंबई हलचल के ट्विटर सोशल मीडिया के माध्यम से शिकायत की गई थी। भरनी माफिया चोरी छिपे तरीके से मिट्टी भर कर खुलेआम मालाड के अम्बेवाडी परिसर में भरनी कर रहे है। (शेष पृष्ठ 3 पर)



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर

## हमारी बात

### डब्लूटीओ से ना-उम्मीदियां


**पश्चिम और चीन के बीच संबंध उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं कि उनके बीच विश्व-व्यापी मुक्त व्यापार पर समझौता होने की संभावना न्यूनतम बनी हुई है। इस टकराव का ही परिणाम है कि डब्लूटीओ गतिरोध का शिकार हो गया है।**

विश्व व्यापार संगठन (डब्लूटीओ) की 13वीं मंत्री स्तरीय बैठक अबू धाबी में बिना ज्यादा उम्मीद के माहौल में शुरू हुई है। दुनिया के मौजूदा रूझान के बीच यह मंच निष्प्रभावी अवस्था में पड़ा दिख रहा है। ऐसी संभावना नहीं है कि अबू धाबी बैठक में उन मूलभूत समस्याओं का निवारण होगा, जिसकी वजह से यह संगठन अपेक्षित भूमिका नहीं निभा पा रहा है। डब्लूटीओ के साथ सबसे बड़ी दिक्कत उसकी अपीलीय संस्था का निष्क्रिय अवस्था में पड़ा होना है। 2019 से विवाद निपटारे की महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली इस संस्था में जजों की नियुक्ति को अमेरिका ने रोक रखा है। तब डॉनल्ड ट्रंप अमेरिकी राष्ट्रपति थे, जो मुक्त व्यापार की नीति के घोषित विरोधी थे। मगर जनवरी 2021 में राष्ट्रपति बनने के बाद जो बाइडेन ने भी डब्लूटीओ के बारे में नीति बदलने का प्रयास नहीं किया। उन्होंने चीन के खिलाफ व्यापार युद्ध को जारी रखा। बल्कि एक कदम और बढ़ते हुए वे अमेरिका में औद्योगिक नीति लागू करने में जुट गए। ये दोनों कदम सिरे से डब्लूटीओ के नियमों और भावना के खिलाफ हैं। उधर दुनिया का सबसे बड़ा निर्यातक देश चीन ने डब्लूटीओ के दायरे से बाहर रहते हुए अलग-अलग देशों और देश-समूहों के साथ मुक्त व्यापार समझौता करने की नीति अपना रखी है। वैसे, चूंकि डब्लूटीओ उसके लिए फायदेमंद साबित हुआ है, इसलिए वह इस मंच को सक्रिय करने में भी जुटा हुआ है। मगर पश्चिम और चीन के बीच संबंध उस मुकाम पर पहुंच चुके हैं कि उनके बीच विश्व-व्यापी मुक्त व्यापार पर समझौता होने की संभावना न्यूनतम बनी हुई है। इस टकराव का ही परिणाम है कि डब्लूटीओ गतिरोध का शिकार हो गया है। 26 से 29 फरवरी तक चलने वाली 13वीं मंत्री स्तरीय वार्ता के एजेंडे में वैसे तो कई प्रमुख मुद्दे हैं। इनमें चीन की तरफ से नियमबद्ध निवेश के लिए पेश एक प्रस्ताव भी है। बताया जाता है कि जो देश इसका विरोध कर रहे हैं, उनमें भारत प्रमुख है। चूंकि इस संगठन में फैसले आम सहमति से होते हैं, इसलिए चीन के प्रस्ताव का पारित हो पाना मुश्किल है। ऐसी ही आशंका अन्य मुद्दों को लेकर भी है।

# 'गजलों में जीवित रहेंगे पंकज उधास'

**'चिट्ठी आई है आई है चिट्ठी आई है'** इस गाने से रातों रात गजल की दुनियाँ में प्रसिद्ध हो गए थे पंकज उधास जी। ७२ वर्षीय पंकज उधास जी का आज निधन हो गया है, वे अब हमारे बीच नही रहे परन्तु गीतों और गजलों के जरिए वे हमेशा सब के दिलों में रहेंगे। पंकज उधास जी ने अपनी मधुर आवाज से कई पीढ़ियों को मंत्रमुग्ध किया और उनकी गजलों और गीतों ने हर उम्र और वर्ग के लोगों के दिलों को छुआ है। 'मोहे आयी न जग से लाज, मैं इतना जोर से नाची आज के धुंधरू टूट गए।' पकंज उधास जी की एक खूबसूरत गजल जिसे सुनकर मैं पूरी तरह खो जाती हूँ।





कॉलेज के जमाने में मेरे मनपसंद गायक थे। मैं अक्सर इनकी गजलों की कैसेट खरीदा करती थी। जिसमें 'महक' मेरी फेवरेट थी। और आहिस्ता कीजिए बातें चांदी जैसा रंग है तेरा ₹ ये सारे गाने और एल्बम मेरे फेवरेट थे। यू अचानक इनका गजलों की दुनियां छोड़ कर जाना बहुत याद आएगा हर किसी को इनका अफसाना। सन २००६ में पंकज उधास को गजल गायन की कला में उनके योगदान के लिए पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। उनके गजल गायन के २५ वर्ष पूरे होने के अवसर पर कैंसर रोगियों और थैलेसीमिक बच्चों के लिए उनके महान योगदान के लिए उन्हें पद्मश्री से सम्मानित किया गया था। १७ मई १९५१ को जेतपुर में जन्में गजल किंग पंकज उधास एक जमींदार परिवार में पैदा हुए थे। वह तीन भाइयों में सबसे छोटे बेटे थे। पंकज उधास के बड़े भाई मनहर उधास सिनेमा जगत के जाने-माने मशहूर गायक थे। उनके एक और भाई निर्मल उधास भी जाने-माने गजल गायक रह चुके हैं। पंकज उधास को अपने बड़े भाई मनहर से गायिकी में आने का खुमार लगा था। जब बड़े भैय्या मनहर एक स्टेज परफॉर्मर हुआ करते थे, तब पंकज महज पांच साल के थे। भाई को गाता देख, उन्हें भी गायिकी का खुमार चढ़ गया। पिता जी को पता चला तो पंकज उधास को उन्होंने एक म्यूजिक इंस्टीट्यूट में डलवा दिया। साल १९६२ में भारत चीन युद्ध के दौरान पंकज उधास ने अपना पहला स्टेज परफॉर्मेंस दिया था। ऐ मेरे वतन के लोगों गाकर गजल किंग पकंज उधास ने माहौल बना दिया था। लोगों ने पंकज उधास के इस गाने को उस वक्त इतना पसंद किया गया कि उन्हें ५१ रुपये भेंट में दिये थे। उन्हें ये इनाम पहली बार मिला था। बस यही से पंकज उधास का सफरनामा शुरू हो गया। गजल सम्राट पंकज उदास की प्रेम कहानी के बारे में बहुत कम लोग जानते हैं। जब यह ग्रेजुएशन में थे तभी अपनी पड़ोसन पर दिल हार बैठे थे। पारसी समुदाय से ताल्लुक रखने वाली इनकी पड़ोसन का नाम फरीदा था, जो पेशे से एक एयर होस्टेस थी। इनके परिवार को इस रिश्ते से कोई दिक्कत नहीं थी, लेकिन फरीदा के घरवालों को यह रिश्ता मंजूर नहीं था। अपने रिश्ते की सिफारिश लेकर पंकज फरीदा के पिता जो एक रिटायर्ड पुलिस अफसर थे उनके पास पहुंचे। फरीदा के पिता ने कहा, अगर तुम्हें लगता है कि तुम दोनों एक साथ खुश रहोगे तो आगे बढ़ो और शादी कर लो। फिर क्या था पंकज उधास ने बिना कुछ सोचे आगे बढ़कर फरीदा का हाथ हमेशा के लिए थाम लिया उनसे विवाह किया जिनसे इनकी दो बेटियों नायब और रेवा है।

**पूजा गुप्ता**
**मिजार्पुर (उत्तर प्रदेश)**

## मधुबनी जन विश्वास यात्रा के दौरान आवाम से पूर्व उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने कहा कि आपने जो भरोसा और प्यार राष्ट्रीय जनता दल पर जताया था उस का अभारी हूं मैं

**मधुबनी।** मधुबनी जन विश्वास यात्रा के तहत नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी प्रसाद यादव दरभंगा से एनएच 57 के रास्ते मधुबनी जिले के सकरी पहुंचे जहां राजद जिला अध्यक्ष सह पूर्व विधायक रामाशीष यादव, पूर्व केंद्रीय मंत्री देवेंद्र प्रसाद यादव, राजसभा सांसद डॉ. फैयाज अहमद, पूर्व मंत्री समीर कुमार महासेठ, पूर्व विधायक उमाकांत यादव, सीताराम यादव, रामावतार पासवान, पूर्व सांसद सुरेंद्र प्रसाद यादव, कांग्रेस के जिला अध्यक्ष मनोज मिश्रा,डिप्टी मेयर अमानुल्लाह खान, भाकपा माले के जिला सचिव धुर्वनारायण कर्ण, सीपीआई के मिथिलेश झा, माकपा के मनोज यादव, फॉरवर्ड ब्लॉक के जिला सचिव अनिल कुमार




सिंह, रामकुमार यादव,रामबहादुर यादव,जिला प्रवक्ता इंद्रजीत राय, मिंटू सहजादा,रहिका कॉपरेटिव बैंक के पूर्व अध्यक्ष ब्रम्हानंद यादव, मेराज आलम, रुदल यादव,महेश प्रसाद मंडल,प्रदीप प्रभाकर, फुलहसन अंसारी, श्रीनारायण महतो,ने स्वागत के साथ सकरी से मधुबनी के लिए आगवानी किया सकरी से मधुबनी आने के क्रम में पंडौल में युवा राजद के जिला अध्यक्ष इंद्रभूषण यादव, पवन यादव प्रखंड अध्यक्ष जीबछ यादव सहित राजद के सकड़ो कार्यकर्ताओ ने बैंड - बाजे तथा ढोल नगाड़ो से अपने नेता का भव्य स्वागत किया। वही मधुबनी मेडिकल कॉलेज के पास सहुआ में युवा राजद के प्रदेश उपाध्यक्ष कुमार आलोक संजीव कुमार यादव, श्रवन यादव, के द्वारा अपने नेता के स्वागत में ढोल नगाड़े एवं जेसीबी से फुल बरसाया गया मधुबनी परिसदन के पास जिला राजद के सैकड़ों कार्यकर्ताओं सहित स्वागत किया गया।

# छात्र-छात्राओं को वितरण किया स्मार्ट मोबाइल फोन



## कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डा. के. पी. श्रीवास्तव का जोरदार स्वागत किया

**मुंबई हलचल/ संवाददाता**

**गौहनिया, प्रयागराज।** घूरपुर थाना क्षेत्र के जेपीएस पी.जी कॉलेज गौहनिया में सोमवार को मुख्य अतिथि विधान परिषद सदस्य डा. के पी. श्रीवास्तव ने बीए, बीएससी, बीकॉम, एलएलबी के छात्र-छात्राओं को मोबाइल फोन वितरण किया। वही स्मार्ट फोन पाकर बच्चों के चेहरे पर मुस्कान आई। ऑफिशियल रिपोर्ट के मुताबिक 480 स्मार्ट फोन बांटे गये। इस दौरान उप प्रबंधक अखिलेश श्रीवास्तव, ज्ञानेंद्र सिंह, प्रधानाचार्य डा.पूर्णिमा मालवीया, थानाध्यक्ष घूरपुर केशव वर्मा, सोनू शर्मा, नीरज सोनकर, राजीव सिंह, प्रशांत श्रीवास्तव ,डा. पवन कुमार, फैजी, संतोष श्रीवास्तव आदि शामिल रहे।

मालिक,मुद्रक,प्रकाशक-**दिलशाद एस खान** द्वारा एस आर प्रिंटिंग प्रेस,मोहन अर्जुन कंपाउंड, वैशाली नगर दहिसर (पूर्व),मुंबई-68 से मुद्रित व मुंबई हलचल,साईं मंगल को ऑ हॉ सो बी-2-301,इस्माइल बाग नियर मालाड शॉपिंग सेंटर, एस वी रोड,मालाड (प) मुंबई से प्रकाशित RNI NO MAHHIN/2010/34146, फोन:**9619102478 /9821238815**
email: mumbaihalchal@gmail com संपादकः **दिलशाद एस खान,** समाचार पत्र में छपे किसी भी समाचार से संपादक का सहमत होना अनिवार्य नहीं है। किसी भी विवाद का निपटारा न्याय क्षेत्र मुंबई होगा।

# सहायक अभियंता किरण कुमार अन्नमवार के क्षत्र छाया में रहमान व हनीफ अजमेरी

## नरीमन हाऊस प्रशांत हॉटेल के सामने व सुन्नी कब्रस्तान के बगल में बेखौफ अवैध नवनिर्माण को दे रहा अंजाम

**मुंबई हलचल/अजय उपाध्याय**

**मुंबई।** कुर्ला (प.) प्रभाग -168 स्थित नरिमन हाऊस प्रशांत हॉटेल के सामने सर्वेश्वर मंदिर के पिछे 4 मंजिला अवैध गेस्ट हाऊस कुख्यात विकासक रहमान व ठेकेदार सत्तार शेख व, सुन्नी कब्रस्तान के बगल मे एल.बी. एस मार्ग पर कलेक्टर की भूखण्ड और गटर को कब्जा कर हनीफ अजमेरी नामक व्यक्ति द्वारा कानून कायदों व नियमों को ताक पर रखकर पिछले कई महिनो से अवैध नवनिर्माण के गेस्ट हाऊस को अंजाम दिया जा रहा है। सूत्रों से मिल रही जानकारी के मुताबिक उक्त अवैध नवनिर्माण के मुख्य सूत्रधार विभागीय ईमारत व कारखाने मे आसीन सहाय्यक अभियंता किरण कुमार अन्नमवार कनिष्ठ अभियंता मनोज हुलगे व कार्यकारी अभियंता नितीन




कांबले हैं? इनके मिलीभगत से ही रहमान व हनीफ अजमेरी द्वारा प्रभाग -168 के क्षेत्र में अवैध नवनिर्माण के गेस्ट हाऊस को अंजाम दिया जा रहा है। अब देखना यह होगा कि क्या रहमान व हनीफ अजमेरी द्वारा किए जा रहे अवैध नवनिर्माण को उपायुक्त हर्षद काले व सह आयुक्त धनाजी हेर्लेकर के नेतृत्व में रिटायमेंट के पहले ही ध्वस्त करते हुए सबंधित अवैध निर्माणकर्ता पर कानूनी कार्यवाई करेंगे या फिर कार्यकारी अभियंता नितीन कांबले व सहाय्यक अभियंता किरण कुमार अन्नमवार द्वारा ली गई भ्रष्टाचार की मलाई में बंदरबाट कर जाते -जाते (रिटायमेंट)के लिए दाग लेकर उक्त अवैध नवनिर्माण व अवैध निर्माणकर्ता को तथास्तु का वरदान देंगे? बता दें कि यह वहीं अवैध निर्माणकर्ता है जो मनपा अधिकारियों को झप्पी देकर अनेको अवैध नवनिर्माण कर चुका है किंतु मनपा अधिकारियों की क्या मजाल जो इसके द्वारा किए गए अवैध निर्माणों को ध्वस्त करें....अथवा इसपर कोई कानूनी कार्यवाई करें? सब भ्ष्टार्चार का कमाल है?

# महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी और बी. के. स्त्री मंडल ने प्रस्तुत किया 'सिंध की मौज'



**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** दुनिया भर में फैले सिंधी ब्रह्मा क्षत्रिय समुदाय का ब्रह्मा क्षत्रिय स्त्री मंडल (बी.के. स्त्री मंडल) की स्थापना 21 जुलाई 1966 को हुई थी। आज दुनिया भर में फैले इस संगठन के हजारों सदस्य हैं जो समय-समय सिंधी संस्कृति और रीति रिवाजों के संवर्धन हेतु जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित करते रहते हैं। पिछले दिनों मालाड पश्चिम में संगठन ने महाराष्ट्र राज्य सिंधी साहित्य अकादमी के साथ सिंधी सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित करके महिला दिवस मनाया। इस समारोह में सिंधी परंपरा के नृत्य, मधुर संगीत और मनमोहक नाटक के सम्मोहक मिश्रण ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। सिंधी भाषा और संस्कृति को बढ़ावा देने के लिए उनके निरंतर समर्थन और मार्गदर्शन के महेश सुखरामनी, वीरू दूलानी, राजकुमार जग्यासी, विनोद तलरेजा,शोभा भम्भवानी, राखी मीरचंदानी और स्थानीय विधायक योगेश सागर सम्मान किया गया। सिंधी एकेडमी के कार्याध्यक्ष महेश सुखरामनी जी ने खुशी व्यक्त की और सभी कलाकारों के अद्भुत प्रदर्शन की सराहना की और ललिता सोनी की टीम को अनसंग वॉरियर्स- ए ट्रिब्यूट टू वूमेन ऑफ इंडिया पर उनके 30 सदस्यीय कथक प्रदर्शन पर सम्मानित किया। उन्होंने बी.के.स्त्री मदल को भविष्य में भी पूरा सहयोग देने का वादा किया। उन्होंने कार्यक्रम में योगदान के प्रयासों की सराहना की। समाज में सिंधी सांस्कृतिक कार्यक्रमों को बढ़ावा देने वाले कार्यक्रम करने की आवश्यकता पर जोर दिया। प्रसिद्ध कलाकार रागिनी टेकवानी और रोशनी टेकवानी की सिंधी संगीत प्रस्तुति ने दर्शकों को मंत्रमुग्ध कर दिया। जूली तेजवानी और टीम द्वारा एक मनोरंजक नाटक 'आई लव यू' का मंचन किया गया।

(पृष्ठ 1 का समाचार)

## मनपा घनकचरा विभाग के अधिकारी की मिलीभगत से धड़ल्ले से चल रहा मिट्टी भरनी का कारोबार

जिम्मेदार घनकचरा अधिकारी राजगुरु मूकदर्शक बने हुए हैं। इस समस्या पर लगाम लगाने को लेकर जिम्मेदार मनपा अधिकारी व पुलिस प्रशासन भरनी माफियाओं पर अंकुश नहीं लगा पा रहा है। उक्त अवैध भरनी की शिकायत मुम्बई हलचल की टीम ने बीएमसी ऑनलाइन 1916 शिकायत संख्या-0722902286,07228943335 व 0722882865 के बाद भी मनपा पी /उत्तर घनकचरा व्यवस्थापन प्रशासन मौन बैठा हुआ है। स्थानिक लोगों का आरोप है कि भरनी माफिया घनकचरा व्यवस्थापन के अधिकारी राजगुरु व विभागीय पुलिस को मोटी रकम देकर यह अवैध धंधा कर रहे हैं पिछले कई दिनों से उक्त जगह पर मनपा व पुलिस की मिलीभगत से अवैध मिट्टी भरनी का कारोबार चल रहा है। सूत्रों की माने तो शाम से सुबह तक खुलेआम भरनी चल रहा हैं। एक दिन में लगभग 100 से अधिक डंफर मिट्टी भरनी कर राजस्व विभाग को चूना लगाया जा रहा है। मनपा व स्थानीय पुलिस की नाक के नीचे चल रहे इस अवैध मिट्टी भरनी से मनपा अधिकारियों से लेकर स्थानीय पुलिस तक ने आंखें बंद कर रखी हैं। जबकि यह भरनी माफिया जलील व सालवन इतने बेखौफ हो गए हैं कि अम्बेवाडी परिसर मैन रोड पर देर रात्रि को मिट्टी भरे हुए डंफर तेज रफ्तार से रोड पर सरपट दौड़ा रहे है जिससे कभी भी रोड पर अपघात से नकारा नही जा सकता है और न तो मनपा अधिकारियों की परवाह है और न ही पुलिस प्रशासन का डर। सूत्रों से मिली जानकारी अनुसार इन अवैध मिट्टी की भरी डंफर को 1000 से 1200 रुपये में बेचा जा रहा है। मालाड क्षेत्र मे अम्बेवाडी के परिसर में भरनी कार्य जोरों पर चल रहा है। जिससे मनपा प्रशासन व पुलिस विभाग की कार्यप्रणाली भी सवालों के घेरे में है। ***मुंबई हलचल के संपादक दिलशाद खान का कहना है कि सुबह से देर रात्रि तक डंफर रोड पर मिट्टी भर देखे जा रहे है और मैने स्वयं उक्त अवैध मिट्टी की भरनी के मामले की शिकायत तीन बार दे चुका हूं लेकिन मनपा पी/उत्तर घनकचरा व्यवस्थापन के अधिकारी राजगुरु व पुलिस प्रशासन नजरअंदाज कर रहे है और अब तक भरनी के कार्य को रुकवाया नही है और इन भरनी माफियाओं के सामने नतमस्तक होता दिखाई दे रहा है।*** इसलिए प्रशासन के जिम्मेदारों की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रहा है। इसके बावजूद घनकचरा विभाग के अधिकारी राजगुरु सबकुछ जानकर अनजान बना हुआ है।जिससे सरकार को महसूल का भारी नुकसान हो रहा है। अवैध भरनी के लिए बदनाम है पी /उत्तर मनपा घनकचरा विभाग अम्बेवाडी क्षेत्र से भरे डंफर मिट्टी ले जाते साफ देखे जा सकते हैं। जिसकी एक वीडियो ट्विटर के सोशल मीडिया पर मुम्बई हलचल के माध्यम से जमकर वायरल हो रही है। लेकिन अभी भी मन मे एक प्रश्न उभरकर सामने आ रहा कि उक्त अवैध तरीके से भरनी करने वाले माफियाओ पर कब कार्रवाई की जाएगी।

## महाराष्ट्र में लागू हुआ 10% मराठा आरक्षण

इसके साथ ही मराठा समुदाय के लिए अलग वर्ग के तहत नौकरियों और शिक्षा में 10 प्रतिशत आरक्षण लागू हो गया है। मराठा समुदाय के लिए इसे बड़ी राहत माना जा रहा है। हालांकि यह आरक्षण राज्य में पहले से चल रही सरकारी भर्तियों पर लागू नहीं होगा। लेकिन 26 फरवरी और उसके बाद शुरू होने वाली सरकारी भर्तियों में मराठा समुदाय के लिए 10 फीसदी पद आरक्षित होंगे। मालूम हो कि महाराष्ट्र विधानमंडल ने 20 फरवरी को एक-दिवसीय विशेष सत्र के दौरान सर्वसम्मति से एक अलग श्रेणी के तहत शिक्षा और सरकारी नौकरियों में मराठों के लिए 10 प्रतिशत आरक्षण प्रदान करने वाला विधेयक पारित किया। लेकिन मनोज जरांगे अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के तहत मराठा समुदाय के लिए आरक्षण की मांग पर अड़े हुए हैं। साथ ही कुनबी मराठों के 'रक्त संबंधियों' को भी आरक्षण का लाभ देने की मांग कर रहे है। मराठा आरक्षण आंदोलन की अगुवाई कर रहे जरांगे का दावा है कि मराठा समुदाय को अलग से 10 प्रतिशत आरक्षण देने वाला विधेयक कोर्ट में टिक नहीं पाएगा।

## थीम कॉलेज में लगी औषधीय पौधों की प्रदर्शनी, डॉ खान ने रिबन काट किया प्रदर्शनी का शुभारंभ

**जलगाँव।** जिले के इकरा थीम कॉलेज के वनस्पति विज्ञान विभाग के अंतर्गत औषधीय पौधों की एक प्रदर्शनी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ.चाँद खान ने रिबन काटकर किया। उक्त कार्यक्रम में डॉ. यूसुफ पटेल द्वारा औषधीय पौधों के संरक्षण व उनके सतत उपयोग पर विस्तार से प्रकाश डाला डॉ.तनवीर खान ने प्रकृति का संरक्षण कर व इसे विकसित करने के लिए मार्गदर्शन भी किया गया। अपने अध्यक्षीय भाषण में डॉ. चांद खान ने औषधीय पौधों के औषधीय गुणों एवं महत्व पर जोर दिया। प्रदर्शनी में कुल 32 छात्रों ने भाग लिया। जिसमे छात्रों ने 32 से अधिक प्रकार के पौधों की जड़ें, छाल, पत्तियां, फूल, बीज व फल एकत्र किए। बताया कि औषधीय पौधों की जड़ी-बूटियाँ विभिन्न रोगों एवं व्याधियों के लिए कितनी फायदेमंद हैं। इस अवसर पर परीक्षक के रूप में डॉ.शेख हफीज एवं डॉ.अमीन काजी भी मौजूद रहे। उक्त प्रदर्शनी में प्रो.पिंजारी इब्राहिम, उप प्राचार्य डॉ.शेख वकार, डॉ.शेख इरफान, डॉ.दपके सदाशिव, डॉ. अख्तर शाह, डॉ. राजेश भामरे, डॉ.राजू गावरे,प्रो. साजिद मलिक आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम की सफलता के लिए प्रो.डॉ.फिरदौस शेख, प्रो. उमर पठान व नसरीन खान ने कड़ी मेहनत की। जिसकी सभी ने सराहना भी की है। कार्यक्रम के समापन पर प्रो.उमर खान ने सभी का आभर व्यक्त किया है।



दैनिक मुंबई हलचल अब हर सच होगा उजागर


# जमीन में गैस तो समुद्र में मिला 1.66 लाख करोड़ का खजाना

## सऊदी अरब में 15 ट्रिलियन क्यूबिक फीट गैस का भंडार

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

सऊदी अरब को जमीन में दफन करोड़ों डॉलर का खजाना मिला है। यह खजाना कुछ और नहीं, बल्कि 15 ट्रिलियन क्यूबिक फीट गैस है। इसकी खोज सऊदी अरब के जाफुराह क्षेत्र में की गई है। सऊदी अरब ने पुष्टि की है कि राज्य की तेल कंपनी अरामको के विशाल जाफुराह क्षेत्र में महत्वपूर्ण मात्रा में अतिरिक्त गैस भंडार मिला है, जिससे देश के ऊर्जा क्षेत्र को बढ़ावा मिलेगा। सऊदी अरब के ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि अतिरिक्त भंडार में 15 ट्रिलियन क्यूबिक फीट गैस और दो अरब बैरल कंडेनसेट है। इसे सऊदी अरब के क्राउन प्रिंस मोहम्मद बिन सलमान अल सऊद की भविष्य की नीतियों के लिए काफी बड़ी खोज माना जा रहा है।



- विशाल जाफुराह क्षेत्र में मिला गैस
- 229 ट्रिलियन सीएफ गैस और 75 बिलियन बैरल कंडेनसेट होने का अनुमान
- 17 हजार वर्ग किमी क्षेत्र में खजाना

### जाफुराह क्षेत्र में सबसे बड़ी खोज

*ऊर्जा मंत्रालय ने कहा कि जाफुराह क्षेत्र में अब लगभग 229 ट्रिलियन सीएफ गैस और 75 बिलियन बैरल कंडेनसेट होने का अनुमान है, जिसकी पुष्टि संसाधन अनुमोदन और सिद्ध भंडार के क्षेत्र में विशेषज्ञता वाली एक प्रमुख स्वतंत्र परामर्श कंपनी द्वारा की गई थी। यह उपलब्धि हाइड्रोकार्बन संसाधनों के आकलन और विकास में उच्चतम अंतरराष्ट्रीय मानकों को लागू करने के परिणामस्वरूप हासिल की गई थी।*

### 10 बिलियन डॉलर के अनुबंध दिए

*जाफुराह अपरंपरागत गैस क्षेत्र राज्य के पूर्वी प्रांत में घावर तेल क्षेत्र के दक्षिण-पूर्व में स्थित है। अपरंपरागत संसाधनों से तात्पर्य उन संसाधनों से है जिनके लिए उन्नत निष्कर्षण विधियों की आवश्यकता होती है। रियाद ने इस क्षेत्र को विकसित करने के लिए प्रतिबद्धता जताई है, सऊदी अरामको ने 2021 में इस प्रयास के लिए 10 बिलियन डॉलर के अनुबंध दिए हैं। उस समय, राज्य के सबसे बड़े गैर-संबद्ध गैस क्षेत्र - जाफुराह में पूंजीगत व्यय विकास के पहले 10 वर्षों में 68 बिलियन डॉलर तक पहुंचने की उम्मीद थी।*

### बढ़ेगा प्राकृतिक गैस का उत्पादन

अनुमानित 200 ट्रिलियन सीएफ गैस के साथ, जफुराह बेसिन मध्य पूर्व में सबसे बड़े तरल-समृद्ध शेल गैस खेल की मेजबानी करता है। इसमें 17 हजार वर्ग किलोमीटर का क्षेत्र शामिल है। जाफुराह में प्राकृतिक गैस का उत्पादन 2025 में 200 मिलियन एससीएफडी होने की संभावना है। 2030 तक शेल गैस के 2 बिलियन मानक क्यूबिक फीट प्रति दिन (एससीएफडी) तक बढ़ने की उम्मीद है।

## अटलांटिक महासागर के समुद्र में 316 साल पहले डूबा था जहाज

एजेंसी ▶▶ बोगोटा

कोलंबिया की सरकार अटलांटिक महासागर में 316 साल पहले डूबे एक जहाज का मलबा निकालने की तैयारी में है। यह स्पेन का जहाज है। इसका नाम सैन होजे है। बताया जाता है कि इस जहाज के मलबे के साथ 1.66 लाख करोड़ रुपए मूल्य का करीब 200 टन खजाना भी दफन है। मलबा ऊपर लाने से पहले पानी के नीचे खोज (एक्सप्लोरेशन) शुरू की जाएगी। इसके लिए कोलंबियाई नौसेना के जहाज की निगरानी में रोबोट को समुद्र में भेजा जाएगा। यह जहाज की जानकारी जुटाएगा। रोबोट मलबे का कुछ हिस्सा बाहर भी निकालेगा। फिर मलबे में हुए बदलाव की जांच की जाएगी। जहाज का मलबा समुद्र में 2 हजार फीट की गहराई पर है।



- कोलंबियाई नौसेना के जहाज की निगरानी में समुद्र में जाएंगे रोबोट
- सैन होजे नामक जहाज किंग फिलिप पंचम के बेड़े का हिस्सा
- 200 टन खजाना दफन
- अभियान पर 37 करोड़ खर्च होंगे

### रोबोट पर लगे होंगे कैमरे

रोबोट में कैमरे भी लगे होंगे, जिससे जहाज से जुड़ा रिकॉर्ड इकट्ठा किया जा सके। रोबोट को सैटेलाइट से भी जोड़ा जाएगा। अभियान पर कोलंबिया सरकार इस साल करीब 37 करोड़ रुपए खर्च करेगी। मिशन 2024 के मध्य में शुरू होगा। सैन होजे नाम का यह जहाज साल 1708 में किंग फिलिप पंचम के बेड़े का हिस्सा था। स्पेन को जीतने के लिए जंग के दौरान ब्रिटिश नेवी के हमले में यह जहाज डूब गया था। इस पर 600 लोग सवार थे, जिनमें से सिर्फ 11 ही जिंदा बच पाए थे।

### मलबे को रखने के लिए बनेगी लैब

कोलंबिया के राष्ट्रपति गुस्तावो पेट्रो ने कहा था कि उनकी सरकार मलबे को रखने के लिए एक लैब बनाएगी। यहां इसकी स्टडी के बाद इसे नेशनल म्यूजियम में शिफ्ट किया जाएगा। दर्जनों समुद्री जीवों के बीच जहाज के मलबे के साथ सोने के सिक्के, सिल्लियां, ईंटें और चीनी बर्तन नजर आए। इन सबके बीच में डॉल्फिन की छाप वाली गन्स भी थीं।

### मलबा 'कब्र' के नाम से मशहूर

सैन होजे जहाज के मलबे को पवित्र कब्र भी कहा जाता है। इस मलबे को लेकर स्पेन, कोलंबिया और बोलीविया के कहारा समुदाय के लोगों में विवाद है। बोलीवियाई समुदाय का दावा है कि उनके लोगों को खजाने के खनन के लिए मजबूर किया गया था। इस वजह से खजाना उनका होना चाहिए। इसके अलावा ग्लोका मोरा के नाम से पहचाने जाने वाले एक अमेरिकी बचाव संघ ने भी 1981 में जहाज ढूंढने का दावा किया था। ग्लोका मोरा ने बताया कि उसने कोलंबियाई सरकार को इस शर्त पर मलबे की लोकेशन बताई थी कि आधा खजाना संघ के पास रहेगा।

## भारत के लिए 'ब्रह्मास्त्र' बनी ब्रह्मोस मिसाइल बढ़ाएगी नौसेना की ताकत

# 19 हजार करोड़ में ज्यादा रेंज वाली 200 ब्रह्मोस मिसाइलों का ऑर्डर दिया

मुंबई हलचल / नई दिल्ली

भारत ने चीन और पाकिस्तान की सेना के खतरे से निपटने के लिए खजाना खोल दिया है। भारत ने 19 हजार करोड़ में ज्यादा रेंज वाली 200 ब्रह्मोस मिसाइलों का ऑर्डर दिया है। भारतीय नौसेना प्रमुख एडमिरल आर हरी कुमार ने कहा कि ब्रह्मोस सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल सतह से सतह पर हमला करने के लिए भारतीय नौसेना का मुख्य हथियार होगी। यही नहीं एयरफोर्स भी ब्रह्मोस पर ही दांव लगा रही है। ब्रह्मोस को भारत और रूस ने मिलकर बनाया है और यह मिसाइल लगातार अपडेट हो रही है। नेवल वर्जन वाली मिसाइल की रेंज भी अब 290 किलोमीटर से बढ़कर करीब 500 किलोमीटर तक पहुंच गई है। भारत ब्रह्मोस मिसाइल पर अरबों रुपए खर्च कर रहा है।



### ब्रह्मोस मिसाइल की खासियत

- ब्रह्मोस मिसाइल बूस्टर-संचालित सुपरसोनिक क्रूज मिसाइल है
- इसे जमीन, पनडुब्बियों, जहाजों और विमानों से लॉन्च किया जा सकता है
- यह मिसाइल मैक 2.8 से 3.0 की शीर्ष गति के साथ हमला करती है
- इसमें मिसाइल रक्षा प्रणालियों से बचने के लिए जमीन के करीब उड़ान भरने की क्षमता है
- नेवल वर्जन वाली मिसाइल की रेंज 290 से बढ़कर करीब 500 किलोमीटर तक पहुंची
- पनडुब्बी से ब्रह्मोस-ईआर मिसाइल दागना गेम चेंजर साबित होगा
- भारत और रूस ने मिलकर बनाई है ब्रह्मोस

## मिस और मिसेज मीरा भायंदर 2024 फैशन शो में एक शानदार प्रतियोगिता का आयोजन

मुंबई हलचल/संवाददाता

**मुंबई।** मिस और मिसेज मीरा भायंदर 2024 फैशन शो में एक शानदार प्रतियोगिता का आयोजन हो रहा है, जिसमें प्रतिभा, सौंदर्य और करिश्मा का धमाकेदार समर्पण होगा। यह कार्यक्रम 25 फरवरी, 2024 को हुई। इस कार्यक्रम में प्रमुख अतिथि के रूप में आशीष मेहरोत्रा थे। अनुपमा के पुत्र परितोष भी मिस और मिसेज मीरा भायंदर 2024 में उपस्थित थे। इस आयोजन को टीम 18प्ले द्वारा प्रस्तुत किया गया है और इसे रेबल इंडिया प्रोडक्शंस राकेश जे शाह द्वारा प्रबंधित किया जा रहा है। इसके साथ ही, फैबएल द्वारा संबंधित किया गया है। मिस मीरा भायंदर की विजेता समृद्धि सिंह सेंगर है। मिस मीरा-भायंदर की पहली रनर अप सोनम केवत है और दूसरी रनर अप दिल ठक्कर है। मिसेज मीरा भायंदर ठाणे की विजेता भावना चंद्रशेखर आचारेकर है। मिस और मिसेज मीरा भायंदर की पहली रनर अप इंद्रजीत कौर है और दूसरी रनर अप बिजल शाह है। सार्वजनिक विशेष अतिथि में अभिनेता निकिता जैन, पायल राहा, प्रीत दत्ता, सुल्तान वानी, साहिल एम खान, और अभिनेत्री इप्सिता भट्टाचार्य शामिल होंगे। स्वाति ठक्कर और साचिन बोरिचा इस कार्यक्रम में ग्रूमिंग और शैलीकरण के क्षेत्र में प्रमुख नाम हैं। खुशी शर्मा, मनोज शर्मा, और वैशाली धूत इस आयोजन में पेशेवरता और विशेषज्ञता का एक छूंटियां अंश दिये। न्यायाधीशों में मिसेस इंडिया 2018 और अंकशास्त्री बिजल नाईक संघवी और टैरो कार्ड पाठक, चिकित्सक, और सामाजिक कार्यकर्ता नीलू एस खुशवाह शामिल हैं। इस आयोजन का वादा न केवल सौंदर्य और प्रतिभा का प्रदर्शन करने का है, बल्कि यह विविधता, कौशल, और करिश्मा का एक समर्पित उत्सव भी है। मीरा भायंदर इस शानदार पेजेंट को आयोजित करने की तैयारी कर रहा है, और दर्शक इस अप्रतिम शाम की उम्मीद कर सकते हैं, जिसमें मनोरंजन और ग्लैमर की यादगार शाम शामिल हुई।






## कानपुर में सीएम योगी ने किया डिफेंस कॉरीडोर में अदाणी समूह के एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन

**कानपुर।** यहां पहुंचे मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने साढ़ स्थित डिफेंस कॉरीडोर में अदाणी समूह के एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का उद्घाटन करते हुए कहा कि 2017 से पहले जहां यूपी में तमंचे लहराए जाते थे, वहीं अब प्रदेश के डिफेंस कॉरीडोर के सभी 6 नोड्स भारत को डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग के मामले में आत्मनिर्भर बनाने में जुट गये हैं। यहां उनके साथ इस मौके पर देश के चीफ ऑफ आर्मी स्टाफ जनरल मनोज पांडेय भी मौजूद रहे।

इस मौके पर अदाणी पोर्ट्स एंड एसईजेड लिमिटेड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी करण अदाणी ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ का पुष्पगुच्छ एवं अंगवस्त्र देकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। इससे पहले मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एम्युनेशन मैन्युफैक्चरिंग कॉम्प्लेक्स का अवलोकन भी किया।



समारोह के दौरान अपने संबोधन में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि ये क्षण उनके लिए अत्यंत आह्लादित करने वाला है। सीएम ने कहा कि 2018 में जब हमने अपना पहला इन्वेस्टर्स समिट आयोजित किया था, तब प्रधानमंत्री मोदी ने देश में दो डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरीडोर की घोषणा की थी। उन्होंने कहा कि भारत को रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता के लक्ष्य को ध्यान में रखकर तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश में डिफेंस मैन्युफैक्चरिंग कॉरीडोर की घोषणा की गई थी। प्रधानमंत्री ने यूपी में 6 नोड्स की घोषणा की थी। इसमें अलीगढ़, आगरा, कानपुर, लखनऊ, झांसी और चित्रकूट शामिल हैं, जिसमें कानपुर नोएड में अदाणी डिफेंस सिस्टम एंड टेक्नोलॉजीस लिमिटेड ने अपना कार्य प्रारंभ किया है। इस बीचसीएम योगी ने बताया कि यूपी में डिफेंस मैन्यूफैक्चरिंग के लिए 5 हजार हैक्टेयर के बड़े कॉरीडोर को आगे बढ़ाने के लिए कार्य किया गया है। अबतक 5हजार एकड़ लैंड को प्राप्त कर लिया गया है। जिसमें लखनऊ में जहां ब्रह्मोस, झांसी में भारत डायनमिक्स लिमिटेड, आर्म व्हीकल निगम लिमिटेड और टाटा टेक्नोलॉजीस लिमिटेड, ग्लोबल इंजीनियरिंग लिमिटेड और डब्ल्यूवी इलेक्ट्रॉनिक्स इंडिया लिमिटेड का कार्य प्रारंभ हुआ है।

## उत्तराखंड हलचल

# पत्रकारों की समस्याओं को लेकर जिला प्रेस क्लब का एक प्रतिनिधि मंडल पुलिस कप्तान से मिला

## पत्रकारों पर बिना जांच किए कोई मुकदमा दर्ज नहीं हो- राकेश वालिया

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**हरिद्वार।** मंगलवार को जिला प्रेस क्लब हरिद्वार का एक शिष्टमंडल ने पत्रकारों की समस्याओं को लेकर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक से मिला। पुलिस कप्तान से मिलकर शिष्टमंडल ने बिना जांच किए पत्रकारों पर मुकदमा दर्ज न करने की मांग की है। जिला प्रेस क्लब रजि0 के अध्यक्ष राकेश वालिया के नेतृत्व में पत्रकारों का एक शिष्टमंडल वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हरिद्वार से मिला और पत्रकारों की बहुत सी समस्याओ और मांगों को लेकर एक ज्ञापन सोपा। ज्ञापन के माध्यम से पुलिस कप्तान को पत्रकारों की समस्याओं से अवगत कराया गया है की पत्रकारों के साथ होने वाली घटनाओं तथा



पत्रकारों को झूठे मुकदमों में फंसाए जाने के कुछ तथ्यों को एसपी के सामने रखकर वार्ता कर समस्या का समाधान निकाले जाने की मांग की है। जिला प्रेस क्लब हरिद्वार के अध्यक्ष राकेश वालिया ने कहा है कि यदि किसी पत्रकार पर कोई आरोप लगाया जाता है तो उक्त विषय में बिना जांच के कोई मुकदमा दर्ज न किया जाए। उन्होंने बताया कि पत्रकारों के साथ होने वाली घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। जिससे पत्रकारों को अपना कार्य करने में भी परेशानी व दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है ठोस रणनीति बनाकर पत्रकार हित के लिए कार्य किया जाना अति आवश्यक है। राकेश वालिया ने जानकारी देते हुए बताया कि एसएसपी ने ज्ञापन और तथ्यों का संज्ञान लेते हुए सकारात्मक कार्रवाई का आश्वासन दिया कि किसी भी पत्रकार के साथ कोई अन्याय नहीं होने दिया जाएगा। महामंत्री अनिल बिष्ट ने बताया कि एसएसपी से मांग की गईं हैं की जनपद में किसी भी पत्रकार के खिलाफ किसी भी थाना क्षेत्र में कोई शिकायत आती है तो बिना जांच किए सीधा मुकदमा दर्ज कर पत्रकार का उत्पीड़न न किया जाए,जब तक जांच में प्रमाण के साथ दोष सिद्ध ना हो जाए तब तक किसी भी पत्रकार के विरुद्ध किसी भी प्रकार की कोई कार्यवाही न की जाए ।एसएसपी ने किसी भी पत्रकार के खिलाफ बिना जांच के मुकदमा दर्ज नहीं किए जाने का आश्वासन दिया है। लेकिन यदि कोई ऐसी गतिविधियों में लिफ्ट पाया जाता है तो आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। प्रतिनिधि मंडल में केशव चौहान, सद्दाम हुसैन, मनोज कश्यप, मनव्वर कुरेशी, मनोज कश्यप, आदि पत्रकार शामिल रहे।

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों एवं स्वीप के तहत विभिन्न स्थानों पर विभिन्न प्रकार से वोटर जागरूता आभियान चलाया गया

**मुंबई हलचल/ फहीम अहमद राज**

**देहरादून।** जनपद देहरादून में लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 की तैयारियों एवं स्वीप के तहत विभिन्न स्थानों पर वोटर जागरूता अभियान चलाया जा रहा है। जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिका के निर्देशों के अनुपालन में दीवार पेन्टिंग कर मतदाता जागरूकता स्लोगन, बूथ लेवल पर जागरूकता कार्यक्रम, विभिन्न विभागों द्वारा जागरूकता गतिविधि आयोजित की जा रही है। जिलाधिकारी के निर्देशों के अनुपालन में नगर आयुक्त नगर निगम ऋषिकेश शैलेन्द्र सिंह नेगी द्वारा जहां खेल कार्यक्रमों एवं विभिन्न गतिविधि के तहत बच्चों के माध्यम से उनके परिजनों को मतदान हेतु जागरूक किया जा रहा



है। वहीं खेल विभाग एवं युवा कल्याण विभाग से ग्राम स्तर पर विभागों द्वारा कम मतदान वाले बूथ पर मतदाता जागरूकता कायक्रम संचालित किए जा रहे। ग्राम पचांयतों में मतदाता शपथ के साथ ही आंगनवाड़ी एवं आशा कार्यक्रर्तियों तथा युवा मंगल दल एवं स्वयं सहायता समूहों द्वारा मतदान का महत्व बताते हुए नागरिकों को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। वही जिला प्रशासन द्वारा ब्रांड एम्बेसडर एवं वरिष्ठ नागरिकों, गणमान्य व्यक्तियों के माध्यम से जनमानस को मतदान हेतु प्रेरित किया जा रहा है। जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी सोनिका ने सभी उप जिलाधिकारियों एवं विभागीय अधिकारियों को अपने-2 स्तर से मतदाता जागरूकता कार्यक्रम संचालित किये जाने के निर्देश दिए है, निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान हेतु निर्धारित लक्ष्य से अधिक मतदाताओं को मतदान हेतु प्रेरित किये जाने का प्रयास किया जा रहा है, जिसके तहत जिला प्रशासन द्वारा विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जा रही है।

# जिला योजना/राज्य सैक्टर/केन्द्र पोषित एवं बाह्य सहायतित योजनाओं की वित्तीय प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई

**मुंबई हलचल/फहीम अहमद राज**

**देहरादून।** जिलाधिकारी सोनिका की अध्यक्षता में ऋषिपर्णा सभागार कलेक्ट्रेट में जिला योजना/राज्य सैक्टर/केन्द्र पोषित एवं बाह्य सहायतित योजनाओं की वित्तीय प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। जिलाधिकारी ने निर्देशित किया कि जिन विभागों की योजनाओं में व्यय प्रगति कम है ऐसे सभी विभाग व्यय प्रगति को शत्प्रतिशत करना सुनिश्चित करें। राज्य सैक्टर की समीक्षा करते हुए उन्होंने न्यून प्रगति वाले विभागों वन, बाल विकास विभाग को नोटिस प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी योजनाओं में जिन विभागों की प्रगति कम है ऐसे सभी विभागों को नोटिस प्रेषित करने के निर्देश दिए। उन्होंने 20-सूत्री कार्यक्रम की समीक्षा



करते हुए निर्देशित किया कि जो विभाग ए श्रेणी हैं वे ए श्रेणी में बने रहे तथा जो विभाग बी, सी, डी श्रेणी हैं वे ए श्रेणी में आने के लिए कार्य प्रगति शत्प्रतिशत बढाने हेतु कार्य करें। माह जनवरी में जिला योजना में प्रगति 91.75 प्रतिशत, राज्य योजना में प्रगति 78.19 प्रतिशत,केन्द्र पोषित योजना में प्रगति 92.58 प्रतिशत, वाह्य सहायतित योजना में प्रगति 56.74 प्रतिशत रही। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी झरना कमठान, अपर जिलाधिकारी प्रशासन जयभारत सिंह, अपर नगर आयुक्त नगर निगम बीर सिंह बुदियाल, उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल, जिला विकास अधिकारी सुनील कमार, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी शशिकांत गिरि, मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ संजय जैन, उप नगर आयुक्त गोपाल राम बिनवाल,सहायक निदेशक सूचना बी.सी नेगी, मुख्य कृषि अधिकारी लतिका सिंह, अपर जिला पूर्ति अधिकारी विवेकशाह, अपर अर्थ एवं संख्याधिकारी पी.एस भण्डारी, सहित सम्बन्धित विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे।

## राजस्थान हलचल

### राजसमन्द पुलिस अधिक्षक मनीष त्रिपाठी का किया स्वागत-मुस्लिम महासभा



**मुंबई हलचल/सैय्यद अलताफ हुसैन**

**राजसमन्द।** मुस्लिम महासभा की राष्ट्रीय प्रमुख फरहीन यूनुस शैख एवम राष्ट्रीय अध्यक्ष ईमरान खान और राष्ट्रीय सह सचिव जाफर खान फौजदार की अनुसंशा पर राजसमन्द के नए पुलिस अधिक्षक श्री मनीष त्रिपाठी का आज मुस्लिम महासभा के पदाधिकारियों द्वारा स्वागत किया गया जिसमें मुस्लिम महासभा के राष्ट्रीय सह सचिव जाफर खान फौजदार सहित महासभा राजनगर के ब्लॉक अध्यक्ष उस्मान खान पठान,ब्लॉक उपाध्यक्ष कांकरोली सलमा खान,राजा खान पठान समाज सेवी,पार्षद पति अब्दुल मजीद,अली हुसैन सिलावट सहित कई पदाधिकारियों द्वारा राजसमन्द के नए एस पी त्रिपाठी का फूल मालाऐ एवम उपरणा पहना कर स्वागत किया गया।

### शाहदरा में कंज्युमर कोर्ट नहीं, तो आखिर उपभोक्ताओं को न्याय कैसे मिले? - तोमर

**मुंबई हलचल / भैरु सिंह राठौड़**

**राजस्थान।** दिल्ली की सबसे बड़ी आबादी वाले यमुनापार क्षेत्र मे पहले दो जिले हुआ करते थे पूर्वी दिल्ली और उत्तर पूर्वी दिल्ली परन्तु यहाँ की निरंतर बढ़ती आबादी और जनता की समस्याओं और जरूरतों को देखते हुए दिल्ली की अरविन्द केजरीवाल सरकार ने कई वर्ष पूर्व इस क्षेत्र को तीन हिस्सों मे बाँट कर यहाँ एक तीसरे जिले शहादरा का गठन कर दिया दिल्ली हाईकोर्ट के एडवोकेट और हिंदुस्तान शिवसेना के राष्ट्रीय प्रमुख राजेन्द्र सिंह तोमर उर्फ राजा भईया ने संपादक भैरु सिंह राठौड़ को बताया कि इस बने तीसरे जिले मे सरकार ने डीएम / डिस्ट्रिक्ट मैजिस्टेट और डीसीपी / पुलिस उपायुक्त सहित अन्य सभी पुलिस एवं प्रशासनिक अधिकारियो की नियुक्ति कर उनके कार्यालय भी बना दिए और उन्हें तमाम सुविधाएं भी उपलब्ध करा दी!

## बुलडाणा हलचल

### बेमौसम बारिश से प्रभावित किसानों को प्रति एकड़ 50 हजार रुपये की सहायता दि जये: संदीप शेळके

**संवाददाता/अशफाक युसुफ**

**बुलढाणा।** जिले में 26 फरवरी को हुई बेमौसम बारिश के कारण कृषि फसलों को भारी नुकसान हुआ। वन बुलढाणा मिशन के संयोजक संदीप शेळके ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे को एक के माध्यम से क्षतिग्रस्त किसानों को प्रति एकड़ 50,हजार रुपये की सहायता देने की मांग की है। जिले में बेमौसम बारिश से हुए नुकसान से किसान अभी तक उबर नहीं पाए हैं। 26 फरवरी को फिर जिले में बेमौसम बारिश, ओलावृष्टि और तेज हवा चली। इसमें किसानों को काफी नुकसान हुआ है। मलकापुर,



लोनार, संग्रामपुर, शेगांव तालुका में भारी ओलावृष्टि के कारण कृषि फसलों को भारी नुकसान हुआ। गेहूं, चना, मक्का, ज्वार, संतरा, सब्जी की फसल को भारी नुकसान हुआ है। लोनार तहसील के किनगांव जट्टू, बीबी, देवनगर, गोवर्धन नगर इलाकों में भारी बारिश के साथ ओले गिरे। किनगांव राजा इलाके में खेती को भी भारी नुकसान पहुंचा है। सिंदखेड़राजा तालुक के मलकापुर पांगरा, दुसरबिद इलाके में भी ओलावृष्टि हुई। शेगांव तालुका के भोंगाव में एक घंटे से अधिक समय तक हुई ओलावृष्टि से कृषि उपज का भारी नुकसान हुआ है। खराब मौसम के कारण पहले से ही मुसीबत में फंसे किसानों के सामने मुसीबतों का पहाड़ खड़ा हो गया है।

# भारतीय अमृत महोत्सव पुरस्कार 2024 हर्षोल्लास के साथ हुआ संपन्न

## भारतीय जनता पार्टी मुंबई अध्यक्ष आशीष शेलार जी, पद्मश्री-पद्मभूषण उदित नारायण जी, सुहेल खंडवानी जी, दिलशाद एस. खान जी, अजय एल. दुबे जी, और सुंदरी ठाकुर जी सहित जानी-मानी हस्तियां रहीं मौजूद




















**मुंबई हलचल/संवाददाता**

**मुंबई।** 24 फरवरी 2024 भारत की भावना का जश्नः भारतीय अमृत महोत्सव पुरस्कार 2024 बहुत ही हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। भारत जैसे विविधतापूर्ण और जीवंत देश में ऐसे अनगिनत व्यक्ति हैं जो दूसरों के जीवन में बदलाव लाने के लिए अथक प्रयास करते हैं। राजनेताओं से लेंकर सैनिकों तक, डॉक्टरों से लेकर अभिनेताओं तक, ये व्यक्ति हमारे समाज के ढांचे को आकार देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। उनके अमूल्य योगदान को स्वीकार करते हुए, भारतीय अमृत महाउत्सव पुरस्कार 2024 का आयोजन 24 फरवरी, 2024 को अंधेरी पश्चिम, मुंबई में मुक्ति फाउंडेशन में किया गया था। शीबा मीडिया वर्क द्वारा आयोजित ये कार्यक्रम के आयोजक गणेश साहू और शीबा शेख के नेतृत्व में इस कार्यक्रम का उद्देश्य भारत में जीवन की स्वतंत्रता का जश्न मनाना और उन लोगों का सम्मान करना है जिन्होंने निस्वार्थ भाव से अपने समुदायों की सेवा की है। यह पुरस्कार समारोह जीवन के विभिन्न क्षेत्रों के व्यक्तियों की अटूट भावना और समर्पण का प्रमाण था, जिन्होंने समाज पर महत्वपूर्ण प्रभाव डाला है। सम्मानित मुख्य अतिथियों में भारतीय जनता पार्टी मुंबई अध्यक्ष श्री आशीष शेलार जी, पद्मश्री - पद्मभूषण



श्री उदित नारायण जी, सुहेल खंडवानी - हाजी अली दरगाह / माहिम दरगाह ट्रस्टी, दैनिक मुंबई हलचल समाचार पत्र के संपादक दिलशाद एस. खान, बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ चेरिटेबल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अजय एल. दुबे नारी सम्मान संगठन की राष्ट्रीय अध्यक्ष सुंदरी ठाकुर, अली खान अभिनेता, और उत्तम भंसाली-फिल्म प्रोड्यूसर, राम कुमार पाल-फिल्म प्रोड्यूसर, फरहानाज शेख, समरान कमाल मिर्जा, साजिद पटेल, रिजवान बेग, पवन चौहान, बी.एन. तिवारी-प्रेजिडेंट FWICE, विजय शाह बीजेपी वर्सोवा असेम्बली, रिजॉली बॉस, वकील वर्षी खान, जारा खान अभिनेत्री, लेस्ली त्रिपाठी और सोफियान कपाड़िया, अकरम खान, कैफ अंसारी लेखक और निर्देशक इन व्यक्तियों ने न केवल अपने-अपने क्षेत्रों में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है, बल्कि सकारात्मक बदलाव लाने और दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रेरित करने के लिए अपने मंच का उपयोग किया है। भारतीय अमृत महाउत्सव पुरस्कार 2024 ने राजनेताओं, सेना कर्मियों, नौसेना अधिकारियों और डॉक्टरों सहित सहायक नागरिकों और वदीर्धारी व्यक्तियों के प्रयासों को मान्यता दी। ये व्यक्ति हमारे समाज की रीढ़ हैं, जो अपने साथी नागरिकों की भलाई और सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए अथक प्रयास कर रहे हैं। इस कार्यक्रम ने इन गुमनाम नायकों को सम्मानित करने और उनकी उल्लेखनीय उपलब्धियों और योगदान को प्रदर्शित करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य किया।



दैनिक मुंबई हलचल
अब हर सच होगा उजागर



# रणवीर के साथ रोमांस करती नजर आ सकती हैं कियारा




**बॉलीवुड** एक्ट्रेस कियारा आडवाणी के पास इस समय कई प्रोजेक्ट की लाइन लगी हुई है। वहीं अब खबर आ रही है कि कियारा साउथ की एक सुपरहिट फिल्म के हिन्दी रीमेक में बॉलीवुड सुपरस्टार रणवीर सिंह के साथ भी रोमांस करती नजर आएंगी। खबरों के अनुसार कियारा आडवाणी साउथ फिल्म 'अन्नियन' के रीमेक में रणवीर सिंह के अपोजिट नजर आएंगी। कुछ महीने पहले ही रणवीर सिंह ने ऐलान किया था कि वे एस शंकर की हिट फिल्म 'अन्नियन' के हिन्दी रीमेक में नजर आएंगे। फिल्म अन्नियन को दर्शकों ने टीवी पर 'अपरिचित' नाम से देखा है। बताया जा रहा है कि कियारा फिल्म में नंदिनी का रोल करेंगी जिसे ओरिजनल फिल्म में एक्ट्रेस सुधा ने निभाया था। कियारा ने अपनी एक वर्चुअल फैन मीट के दौरान इस बात का हिंट दिया है। कियारा से पूछा गया कि वो किस कलाकार के साथ स्क्रीन शेयर करना चाहती हैं तो उन्होंने ने रणवीर सिंह का नाम लिया। इसी के बाद फैंस अंदाजा लगा रहे हैं कि वो रणवीर सिंह की अन्नियन में नजर आ सकती हैं।

## मिनिषा लांबा को फिर से हुआ प्यार



**बॉलीवुड** एक्ट्रेस मिनिषा लांबा अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर सुर्खियों में रहती हैं। मिनिषा का पिछले साल तलाक हुआ था। उन्होंने लंबे समय तक डेट करने के बाद साल 2015 में रेस्टोरेंट मालिक रियान थाम से शादी की थी। अब एकबार फिर मिनीषा को प्यार हो गया है। मिनिषा लांबा ने खुलासा किया है कि वह एक बार फिर से किसी खास शख्स के साथ रिश्ते में हैं। मिनिषा ने कहा, मैं इस बात पर जोर देना चाहूंगी कि रिश्ते या शादी का अंत जीवन का अंत नहीं है। आपको प्यार करने के लिए एक और मौका होगा, प्यार हो, और अतीत को भूलना भी आसान हो जाएगा। मैं एक ही कारण की वजह से अब इसके बारे में बात कर रही हूं। मिनिषा ने कहा कि वे अपने नए रिलेशनशिप के बारे में इसलिए बात कर रही हैं क्योंकि उनके इस कदम से पुराने रिश्ते में फंसे लोगों को आगे बढ़ने में मदद मिलेगी। ताकि वो ये जान सके कि चीजें बेहतर हो सकती हैं। मिनीषा लांबा ने पूछा गया कि तो क्या वह फिर से प्यार करने को लेकर विचार कर कर रही हैं? इस सवाल के जवाब में एक्ट्रेस ने कहा, हां, इस समय मैं एक प्यारे शख्स के साथ एक खुशहाल रिश्ते में हूं।

## जरीन खान का चौंका देने वाला खुलासा



**बॉलीवुड** अदाकारा जरीन खान फिट और खूबसूरत अभिनेत्रियों की लिस्ट में शुमार हैं। एक्ट्रेस आये दिन अपनी फिटनेस और खूबसूरती को लेकर चर्चा में बनी रहती हैं। 2010 में अपनी पहली फिल्म, सलमान खान स्टारर 'वीर' की रिलीज के बाद बॉडी शेमिंग का सामना करने वाली अभिनेत्री जरीन खान का दावा है कि वास्तव में उन्हें अनुभवी लोगों द्वारा भूमिका के लिए वजन बढ़ाने के लिए कहा गया था। ऐसे में जब जरीन से यह सवाल किया गया कि क्या इंडस्ट्री में किसी भी एक्टर को उनके लुक्स को लेकर जज किया जाता है या नहीं इसपर जरीन ने कहा,यह निश्चित रूप से होता है। मैं यह सब नहीं कहूंगी, लेकिन उद्योग का एक बड़ा वर्ग ऐसा करता है। शुरूआत में यह वास्तव में मुशिकल था क्योंकि मेरा वजन लगभग एक राष्ट्रीय मुद्दा बन चुका था। जब जरीन ने 'वीर' में सलमान के साथ बॉलीवुड में अपनी शुरूआत की, तो लोगों ने तुरंत नोटिस किया कि वो कैटरीना कैफ जैसी दिखती है। जिसके बाद जल्द ही सबका ध्यान उसके शरीर के प्रकार पर स्थानांतरित हो गया।